भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3204**
बुधवार, 29 मार्च, 2023 (8 चैत्र, 1945 (शक)) को उत्तरार्थ

## डेयरी सहकार योजना

**3204 # श्री रामभाई हरजीभाई मोकरिया:**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डेयरी सहकार योजना का उद्देश्य क्या है;

(ख) क्या इस योजना के माध्यम से डेयरी सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जानी है; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत गुजरात में कुल कितनी डेयरी सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): डेयरी सहकार, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC), जो भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निगम है, की एक सहकारी डेयरी क्षेत्रक योजना है।

डेयरी सहकार का उद्देश्य ईएसजी (पर्यावरण, स्थिरता, शासन) से जुड़ी गतिविधियों में उच्च परिणाम प्राप्त करने के लिए डेयरी सहकारी समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके "सहकार से समृद्धि तक" की दृष्टि को साकार करना है। इसमें डेयरी सहकारी समितियों द्वारा बुनियादी ढांचे के निर्माण और उनकी मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार हेतु, सरकार की योजनाओं के सम्मिलन के साथ, वित्तीय सहायता प्रदान करना शामिल है।

डेयरी सहकार के तहत, एनसीडीसी द्वारा "किसानों की आय को दोगुना करने" और "आत्मनिर्भर भारत" के समग्र उद्देश्यों के भीतर पात्र सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(ख): जी हाँ, मान्यवर, डेयरी सहकार योजना के तहत डेयरी क्षेत्र की सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। एनसीडीसी ने इस योजना के तहत सहकारी समितियों को 44.57 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

(ग): इस योजना के अंतर्गत गुजरात में डेयरी सहकारी समितियों को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा निम्नवत है:

| **क्र.सं.** | **सहकारी समिति का नाम** | **संवितरित राशि (₹ लाख में)** | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **ऋण** | **सब्सिडी** | **कुल** |
| 1 | भरूच जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लि. | 0.000 | 28.760 | 28.760 |
| 2 | तिंटोदा महिला दूध उत्पादन सहकारी मंडली लिमिटेड | 0.000 | 2.140 | 2.140 |
| 3 | पंचमहल जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 132.544 | 189.850 | 322.394 |
| 4 | साबरकांठा जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 583.379 | 346.294 | 929.673 |
| 5 | सूरत जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड | 8.026 | 27.827 | 35.853 |
| | **कुल** | **723.949** | **594.871** | **1318.820** |

*****